**2021**

( Held in 2022 )

HINDI

( Major )

Paper : 3.2

**( भारतीय काव्यशास्त्र )**

( Non-CBCS )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) "वाक्यं रसात्मकं काव्यम्।" यह किसकी उक्ति है?

(ख) वामन के अनुसार रीति की परिभाषा क्या है?

(ग) 'अलंकार-पंचाशिका' के रचनाकार कौन हैं?

(घ) भरतमुनि द्वारा रचित प्रमुख काव्यशास्त्रीय ग्रंथ का नाम क्या है?

(ङ) वीभत्स रस का स्थायी भाव क्या है?

(च) अलंकार सम्प्रदाय के प्रवर्तक कौन हैं?

(छ) 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्' —यह किसका काव्य-लक्षण है?

(ज) "रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्यम्।" यह किसका कथन है?

(झ) आनंदवर्धन के अनुसार ध्वनि क्या है?

(ञ) रस सामान्यतः कितने प्रकार के माने जाते हैं?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) भरतमुनि के रससूत्र का उल्लेख कीजिए।

(ख) अलंकार के तीनों भेदों का नामोल्लेख कीजिए।

(ग) शृंगार रस का परिचय दीजिए।

(घ) आचार्य आनंदवर्धन ध्वनि-काव्य के कितने भेद मानते हैं और वे क्या-क्या हैं?

(ङ) खंडकाव्य किसे कहते हैं?

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'व्यंजना' शब्द-शक्ति के दोनों भेदों का उल्लेख करते हुए किसी एक का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ख) काव्य-हेतु पर प्रकाश डालिए।





(ग) रस के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

(घ) मुक्तक-काव्य के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

(ङ) वक्रोक्ति सम्प्रदाय के महत्त्व का आकलन कीजिए।

(च) काव्य में 'अलंकार' का स्थान निर्धारित कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) साधारणीकरण के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

काव्य-दोषों पर आलोचना कीजिए।

(ख) 'रीति' किसे कहते हैं? रीति सम्प्रदाय को आचार्य वामन की देन का मूल्यांकन कीजिए।

**अथवा**

काव्य के प्रमुख लक्षणों का विश्लेषण कीजिए।

(ग) आचार्य मम्मट द्वारा प्रस्तुत काव्य-प्रयोजनों पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

**अथवा**

अलंकार-सम्प्रदाय के विभिन्न आचार्यों के अलंकार-संबंधी मतों का उल्लेख कीजिए।

**5.** उदाहरण एवं संघटना के साथ निम्नलिखित में से किन्हीं दो अलंकारों का परिचय दीजिए : 5×2=10

उपमा ; श्लेष ; यमक ; रूपक।

अथवा

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** छंदों का परिचय दीजिए : 5×2=10

चौपाई ; कुण्डलिया ; दोहा ; सवैया।

★★★